महर्षि पतञ्जलि संस्कृत संस्थान, म.प्र.
'संस्कृत भवनम्''
(मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग)
तुलसीनगर, सेकेण्ड स्टॉप, भोपाल मध्यप्रदेश, – 462003
फोन नं.– 0755–2576214, 2576215, 2576209
ई–मेल : maharshipatanjali2014@gmail.com वेबसाइट–https://www.mpssbhopal.org

क्रमांक/म.प.सं.सं./अकादमिक/2025/1585 भोपाल, दिनांक...24...सितम्बर 2025

प्रति,

प्रबंधक,
एम.पी.ऑनलाइन लिमिटेड
भोपाल

**विषयः–** डिप्लोमा पाठ्यक्रम हेतु आवेदन पोर्टल पर प्रदर्शित करने बावत्।

**संदर्भः–** म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन का पत्र क्रमांक / 1516 / 1123 /2017/20–3 भोपाल दिनांक 22.09.2017

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि शासन के संदर्भित पत्र अनुसार महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान म.प्र. को व्यावहारिक ज्योर्तिविज्ञान, व्यावहारिक वास्तुशास्त्र में एक वर्षीय पत्रोपाधि (डिप्लोमा) पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

संस्थान द्वारा उक्त पाठ्क्रम में प्रवेश हेतु वर्ष 2025 से ऑनलाइन आवेदन कराये जाना है आनलाइन आवेदन दिनांक 25.09.2025 से 30.10.2025 तक कराये जाना है जिनके प्रवेश नियम संलग्न प्रेषित हैं। कृपया संलग्न प्रवेश नियम अनुसार आवेदन पोर्टल पर प्रदर्शित करें।

(रविन्द्र कुमार सिंह)
निदेशक
महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान,म.प्र.

पृ.क्रमांक/म.प.सं.सं./अकादमिक/2025/1586 भोपाल, दिनांक...24...सितम्बर 2025
प्रतिलिपिः–

1. विशेष सहायक माननीय मंत्री स्कूल शिक्षा एवं परिवहन एवं चेयरमेन महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान भोपाल म.प्र.।
2. प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन म.प्र. भोपाल।
3. आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र.।
4. सयुक्त संचालक लोक शिक्षण समस्त संभाग म0प्र0की ओर सूचनार्थ।
5. जिला शिक्षा अधिकारी समस्त जिला म.प्र. की ओर सूचनार्थ।
6. जिला संस्कृत प्रभारी समस्त जिला म.प्र. की ओर निर्देशित है कि उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने हेतु जिले में व्यापक प्रचार प्रसार करे।

निदेशक
महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान,म.प्र.



Scanned with CamScanner

महर्षि पतञ्जलि संस्कृत संस्थान म.प्र.
'संस्कृत भवनम्''
(मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग)
तुलसीनगर, सेकेण्ड स्टॉप, भोपाल मध्यप्रदेश,- 462003
फोन नं.- 0755-2576214, 2576215, 2576209
ई-मेल : maharshipatanjali2014@gmail.com वेबसाइट-https://www.mpssbhopal.org

क्र./म.प.सं.सं./अकादमिक/2025/1587 भोपाल, दिनांक 24.सितम्बर 2025

## एक वर्षीय व्यावहारिक ज्योतिर्विज्ञान (ज्योतिष) एवं व्यावहारिक वास्तुशास्त्र पत्रोपाधि (डिप्लोमा) प्रवेश नियम

म.प्र.शासन, स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय वल्लभ भोपाल के पत्र क्रमांक/1516/1123/2017/20-3 भोपाल दिनांक 22.09.2017 द्वारा महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान म.प्र. को एक वर्षीय व्यावहारिक ज्योतिर्विज्ञान (ज्योतिष) एवं व्यावहारिक वास्तुशास्त्र पत्रोपाधि (डिप्लोमा) पाठ्यक्रम करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। अतः महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान म.प्र. द्वारा दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से एक वर्षीय व्यावहारिक ज्योतिर्विज्ञान (ज्योतिष) एवं व्यावहारिक वास्तुशास्त्र पत्रोपाधि (डिप्लोमा) के प्रवेश हेतु निम्नानुसार नियम सत्र 2025-26 से निर्धारित करता है-

01. **प्रवेश हेतु आवेदन** - एम.पी.ऑनलाइन के माध्यम से प्रत्येक वर्ष के 25 सितम्बर से 30 अक्टूबर तक।

02. **प्रवेश हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता-** माध्यामिक शिक्षा मण्डल म.प्र. अथवा मान्यता प्राप्त बोर्ड से कक्षा 12वी/समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण ।

03. **प्रवेश शुल्क :-**

**(क)आवेदन शुल्क-** रू.500/- (पॉच सौ मात्र) एम.पी.ऑनलाइन पर आवेदन करते समय एम.पी.ऑनलाइन के माध्यम से जमा करना होगा।

**(ख)पुस्तकालय शुल्क-** रू.1000/-, प्रायोगिक शुल्क रू. 2500/-, शिक्षण शुल्क रू. 6000/- कुल राशि 9500/-एम.पी.ऑनलाइन के माध्यम से 30 अक्टूबर तक शुल्क जमा करना होगा।

04. **कक्षाएं आरम्भ होने की तिथि-** 01नवम्बर से ऑनलाइन कक्षाएं आरम्भ की जायेगी। ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से ज्योतिर्विज्ञान (ज्योतिष) कक्षाओं का संचालन सप्ताह में 03 दिवस यथा सोमवार, बुधवार, शुक्रवार एवं व्यावहारिक वास्तुशास्त्र की कक्षाओं का संचालन सप्ताह में 03 दिवस यथा मंगलवार, गुरूवार, शनिवार को किया जायेगा। कक्षा संचालन के समय की सूचना पृथक् से दी जायेगी। ऑनलाइन कक्षाओं का केन्द्र महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान म.प्र. का **"संस्कृत भवन"** रहेगा।

**नोटः**-एम.पी.ऑनलाइन शुल्क अतिरिक्त है।

05.मुख्य परीक्षा आयोजन सितम्बर 26 में राज्य स्तर पर शासकीय उ.मा.विद्यालय केन्द्र पर अथवा परीक्षार्थी के संख्या आधार पर राज्य के जिलों में निर्धारित शासकीय उ.मा.विद्यालय केन्द्र पर किया जायेगा।

06.परीक्षा परिणाम अक्टूबर 2026 में।

**नोटः**-पाठ्यक्रम विवरण, प्रश्नपत्र एवं अन्य जानकारी संस्थान की वेबसाइट-https://www.mpssbhopal.org पर उपलब्ध है।

(निदेशक द्वारा अनुमोदित)

24/09/25
(प्रवीण कुमार जैन)
सहायक निदेशक
महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान म.प्र.

Scanned with CamScanner